Sanctuary Promise से जुड़े कानूनों के उल्लंघन की रिपोर्ट करें।

Sanctuary Promise का हॉटलाइन नंबर:
1-844-924-7829

हॉटलाइन का समय:
सोमवार-शुक्रवार
सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक।
कामकाजी घंटों के बाद एक संदेश छोड़ें।
240+ भाषाओं में अनुवाद उपलब्ध है। हम सभी Relay कॉल स्वीकार करते हैं।

SanctuaryPromise.Oregon.gov

आप इसका हिस्सा हैं।

सुरक्षा।
आपको अपने रोज़मर्रा के जीवन में सुरक्षित महसूस करने का अधिकार है।

सम्मान।
आप इस समुदाय का हिस्सा हैं और सम्मान के हकदार हैं।

मानव अधिकार।
आपको शांतिपूर्वक जीने और अपने समुदाय, परिवार और परिवेश का आनंद लेने का अधिकार है।

मुझे स्कैन करें।

SanctuaryPromise.Oregon.gov

हमसे जुड़ें

@ORcivilrights

@ORcivilrights

YOU BELONG.

ओरेगन का Sanctuary Promise

ओरेगन आपका घर है।

YOU BELONG.

Sanctuary Promise नंबर पर कॉल करें:

रिपोर्ट दर्ज करें

अगर आप या आपका कोई परिचित SanctuaryPromise कानूनों के उल्लंघन का शिकार हुआ है, तो इसकी रिपोर्ट करें।

हम निम्नलिखित काम कर सकते हैं:

- आपकी भाषा में गोपनीय मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करना
- आपको आप्रवासन संसाधनों के लिए रेफ़र करना
- राज्य की ओर से जांच शुरू करना
- आपको आपातकालीन वित्तीय सहायता प्रदान करना
- आपके साथ एक सुरक्षा योजना बनाना

सवाल पूछें

आप तय नहीं कर पा रहे कि जो घटना हुई वह सैंक्चुअरी कानून का उल्लंघन है या नहीं?

हमें कॉल करें, हम आपका मार्गदर्शन कर सकते हैं।

ओरेगन की SanctuaryPromise नीति क्या है?

ओरेगन में, पुलिस सहित राज्य और स्थानीय सरकार आप्रवासन कानूनों को तब तक लागू नहीं कर सकते जब तक कि उनके पास न्यायाधीश द्वारा हस्ताक्षरित अदालती आदेश न हो।

आपको SanctuaryPromise के उल्लंघन की रिपोर्ट कब करनी चाहिए?

- अगर पुलिस आपसे आपकी राष्ट्रीयता या आप्रवासन की स्थिति के बारे में पूछताछ करती है।
- अगर आप राज्य या स्थानीय सरकार या पुलिस को संघीय आप्रवासन अधिकारियों के साथ काम करते हुए देखते हैं।
- अगर आप यातायात रोकने के लिए पुलिस को आप्रवासन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (Immigration and Customs Enforcement, ICE) के साथ मिलकर काम करते हुए देखते हैं।
- अगर जेल में बंद या प्रोबेशन पर रह रहे लोगों को उनके आप्रवासन स्थिति के आधार पर सेवाएं, लाभ या विशेषाधिकार देने से इनकार किया जाता है।
- अगर आपको अदालत में या अदालत जाते या अदालत से लौटते समय न्यायाधीश द्वारा हस्ताक्षरित अदालती आदेश के बिना गिरफ्तार कर लिया जाता है।
- असमंजस में हैं? हमें कॉल करें।

हमारा विज़न

ओरेगन एक सुरक्षित स्थान है, जो सभी का स्वागत करता है, उन्हें अपनाता है और नफरत एवं भेदभाव के बिना आगे बढ़ने के समान अवसर देता है। यहां की संस्थाएं लोगों की जरूरतों का ध्यान रखती हैं और उनका समाधान करती है।

ओरेगन 1987 में सैंक्चुअरी कानून का स्थापित करने वाला देश का पहला राज्य था।